Title : Need to make cotton mills, under N.T.C. at Byawar and Vijaynagar in district Ajmer, Rajasthan, viable-Laid.

प्रो0 रासासिंह रावत (अजमेर): अजमेर जिले (राजस्थान) के अन्तर्गत ब्यावर एवं विजयनगर तथा उदयपुर में कपड़े की बहुत पुरानी मिलें हैं जो आजादी से पहले कपड़ा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान करती रही हैं। इन मिलों में हजारों श्रमिक कार्यरत हैं। ये मिलें एन.टी.सी. द्वारा संचालित हैं।

राजस्थान में विगत तीन वर्षों से घोर अकालजन्य परिस्थितियों के कारण रोजगार उपलब्ध कराने के और कोई अन्य संसाधन भी उपलब्ध नहीं हैं। ब्यावर जिला अजमेर स्थित एडवर्ड एवं महालक्ष्मी तथा विजयनगर जिला अजमेर स्थित विजय कॉटन मिल में श्रमिकों को पूरा जॉब और माल नहीं देने के कारण इन मिलों को घाटा देने वाली घोषित कर, वी.आर.एस. के नाम पर श्रमिकों की छंटनी निरन्तर की जा रही है, उनके लिए पूर्व घोषित और स्वीकृत वेतनमान व लाभ आदि भी नहीं दिये जा रहे हैं और अब अनुपयोगी मानकर बंद किया जाने वाला है। ऐसा करने से हजारों श्रमिक बेकार हो जायेंगे, रोजी-रोटी के लिए दर-दर पर भटकने को मजबूर हो जायेंगे तथा उन पर आश्रित परिवारों के सामने भयंकर संकट उपस्थित हो जायेगा।

अतः भारत सरकार से प्रार्थना है कि एन.टी.सी. द्वारा संचालित ब्यावर जिला अजमेर की एडवर्ड और महालक्ष्मी तथा विजयनगर जिला अजमेर की विजय कॉटन मिल तथा उदयपुर स्थित कपड़ा मिल को किसी भी स्थिति में बंद नहीं किया जाये, उन्हें पूरा काम दिया जाये तथा श्रमिकों की बकाया राशि तथा वेतनमान आदि का पूर्ण भुगतान किया जाये।